Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है


R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-२४ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६ - ३१ दिसम्बर २०२१ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र (रंगीन सहित)



## आज का भारत अपनी खोई हुई विरासत को फिर से संजो रहा है: पीएम मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण किया। उन्होंने काशी के काल भैरव मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम में पूजा-अर्चना की। वाराणसी दौरे में प्रधानमंत्री ने दिनांक १३.१२.२०२१ को पावन गंगा नदी में पवित्र स्नान भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पुराणों का हवाला दिया, जो कहते हैं कि जैसे ही काई काशी में प्रवेश करता है, वह सभी बंधनों से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वनाथ धाम का यह पूरा नया परिसर एक भव्य भवन भर नहीं है। यह हमारे भारत की सनातन संस्कृति का प्रतीक है। यह हमारी आध्यात्मिक आत्मा का प्रतीक है। यह भारत की प्राचीनता का, परंपराओं का, भारत की ऊर्जा और गतिशीलता का प्रतीक है। काशी के वैभव का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी स्थायी है और भगवान शिव के संरक्षण में है। उन्होंने इस भव्य परिसर के निर्माण में प्रत्येक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया। यहां तक कि उन्होंने कोरोना के दौरान भी यहां काम रुकने नहीं दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। इन सबके साथ उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम परियोजना को पूरा करने के लिए लगातार कठोर परिश्रम करने वाली उत्तर प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी बधाई दी।

## Free WI-FI Service available at over 6000 railway stations

Source/PIB: Wi-Fi services have been provided at 6071 Railway Stations across India so far. These are available to the general public free of cost for the first half an hour of any day and on a chargeable basis, subsequently. Provision of Wi-Fi at Railway stations facilitates Railway passengers in accessing the internet while at the stations. Wi-Fi at Railway stations is helping the public to avail online services/ information, thereby contributing towards Digital India initiative of the Government. The total data usage on these stations is of the order of 97.25 Terabytes per month approx. No separate funds have been sanctioned by Ministry of Railways for this scheme. Funds amounting to 27.22 crores have been sanctioned by Department of Telecom (DoT) under the Universal Service Obligation Fund (USOF) for provision of Wi-Fi services at 193 Railway stations in rural areas. Wi-Fi services at 1287 Railway stations (mostly A1 & A category stations) are being provided by M/s RailTel Corporation of India Limited (RCIL).



In the remaining stations, Wi-Fi services have been provided under Corporate Social Responsibility (CSR)/ Charity projects of various firms for which no capital expenditure is incurred. This information was given by the Union Minister of Railways, Communications and Electronics & Information Technology, Ashwini Vaishnaw in a written reply in Rajya Sabha .

## अगले तीन महीने तक मुफ्त मिलेगा खाद्यान्न-मुख्यमंत्री योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत प्रदेश के १५ करोड़ गरीबों को होली तक दोगुना मुफ्त राशन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ यूपी के मुख्यमंत्री ने किया। इस योजना के तहत गरीबों को दाल, नमक, चीनी और तेल भी दिया जा रहा है। उन्होंने लखनऊ में योजना भवन के पास स्थित सरकारी राशन की दुकान पर खुद उपस्थित होकर लोगों को राशन के पैकेट दिए। उन्होंने कहा कि सबको 'सुरक्षा सबको सम्मान भूखा न रहे कोई इंसान' इसी मूल सिद्धांत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से निशुल्क राशन वितरण का महाभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर के समय इस योजना का प्रारंभ किया गया था। जिसके बाद रामनवमी से दिवाली तक लगभग सात महीने गरीबों को मुफ्त अनाज दिया गया और अब दिवाली से होली तक अनाज का वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोरोना के मुश्किल समय में भी यह डबल इंजन सरकार की सफलता है कि भाजपा सरकार ने किसी गरीब को भूखे पेट नहीं सोने दिया।

## विपिन रावत का जाना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति- सिद्धार्थ नाथ सिंह



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी, केशरी देवी पटेल समेत भाजपा नेताओं ने देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस विपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत एवं अन्य ११ सैन्य कर्मियों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। सिद्धार्थ नाथ ने कहा कि वह विपिन रावत का जाना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है और एक-एक भारतीय को अपने इस जांबाज को खोने का दर्द है। सिद्धार्थ नाथ ने कहा कि वह सैनिकों का मनोबल हमेशा ऊंचा रखते थे उन्होने कहा कि चाहे पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक हो या फिर गलवान घाटी में चीन को मुंहतोड़ जवाब देने का मामला रहा। हर मोर्चे पर विपिन रावत ने अपना लोहा मनवाया। सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि जनरल विपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका और अन्य सैन्य कर्मियों की मौत से उन्हें गहरा झटका लगा। देश ने एक महान सेनापति खो दिया है। इसी कड़ी में सांसद केशरी देवी पटेल ने भी अपनी शोक संवेदना व्यक्त की और इस हादसे में गभीर रूप से घायल हुए कैप्टन वरुण के जल्द ही स्वस्थ होने की कामना की।

### लेखकों से

राष्ट्रीय, सामजिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों मे भेजें। प्रधान सम्पादक

# उत्तर मध्य रेलवे ने माल लदान में दर्ज की १८.४०% की वृद्धि



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे ने प्रारंभिक लदान में वृद्धि की गति को बनाए रखते हुए, नवंबर माह के अंत तक, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अपने प्रारंभिक माल लदान में १८.४०% की वृद्धि दर्ज की। राजस्व अर्जन की दृष्टि से इसी अवधि में १४.०६% की वृद्धि दर्ज की गई है। उत्तर मध्य रेलवे ने इस साल अप्रैल से नवंबर की अवधि के दौरान कुल १२.०३ मिलियन टन लदान किया, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान १०.१६ मिलियन टन का लदान किया गया था। इस अवधि के दौरान इस आउटवर्ड लोडिंग से रु. १२२६.२२ करोड़ राजस्व अर्जित किया गया। नवंबर २०२१ में १.५४ मिलियन टन माल लदान किया गया। इससे नवंबर २०२१ में ही उत्तर मध्य रेलवे द्वारा लगभग रु १६१.४६ करोड़ का कुल राजस्व अर्जित किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के इस प्रदर्शन के संबंध में यह उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष २०१६-२० में उत्तर मध्य रेलवे ने अप्रैल-नवंबर के दौरान १०.०६ मिलियन टन लदान किया था। इस संबंध में उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक बिप्लव कुमार ने बताया कि जिन प्रमुख मदों में लोडिंग बेहतर हुई है, उनमें सीमेंट, खाद्यान्न और पेट्रोलियम आदि शामिल थे। कंटेनर लोडिंग में भी १६% की वृद्धि दर्ज की गई। ज्ञात हो कि, पिछले साल के १.५६ मिलियन टन कंटेनर ट्रैफिक की तुलना में इस साल अप्रैल से नवंबर के मध्य १.८१ दौरान मिलियन टन कंटेनर कार्गो लोड किया गया है। इस उपलब्धि पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने बीडीयू सहित सभी अधिकारियों और उनकी टीम के सदस्यों को बधाई दी।

# पूर्व मध्य रेल की सभी ट्रेनें 'फॉग सेफ डिवाइस' से होंगे युक्त

रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। जाड़े के मौसम में संभावित कुहरे के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा संरक्षित ट्रेन परिचालन की दिशा में कई कदम उठाये जा रहे हैं जिससे कि कोहरे के दौरान गाड़ियों का विलम्ब कम से कम हो और यात्रियों को परेशानी ना हो। इस उद्देश्य से इंजनों में फॉग सेफ डिवाइस लगाया गया है। ट्रेनों के सुचारू परिचालन हेतु पूर्व मध्य रेल के शत-प्रतिशत मेल/एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों के लोको पायलटों के लिए फॉग सेफ डिवाइस का प्रावधान किया गया है। विदित हो कि फॉग सेफ डिवाइस जीपीएस आधारित एक उपकरण है जो लोको पायलट को आगे आने वाली सिगनल की चेतावनी देता है जिससे लोको पायलट ट्रेनों की स्पीड को नियंत्रित करते हैं। पूर्व मध्य रेल में रेल गाड़ियों की अधिकतम स्वीकृत गति १३० किमी प्रति घंटा है, लेकिन लोको पायलटों को निर्देश दिया गया है कि कुहासा होने पर वे गाड़ियों को ७५ किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से न चलायें।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया ग्वालियर स्टेशन का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। मंडल रेल प्रबंधक झांसी,आशुतोष द्वारा ग्वालियर स्टेशन का वृहद स्तर पर निरीक्षण किया गया। दिनाँक ०१.१२.२१ को इस दौरान आशुतोष ने ग्वालियर स्टेशन पर सभी टॉयलेट्स में सफाई व्यवस्था, यात्री आरक्षण कार्यालय, टिकट निरीक्षक कार्यालय, यात्री प्रतीक्षालय, आरक्षित लौंज, पूर्व सर्कुलेटिंग क्षेत्र तथा वाहन पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य यात्री सुविधाओं का सघन निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर करने हेतु आवश्यक निर्देश दिय। स्टेशन निरीक्षण उपरान्त आशुतोष द्वारा हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा खिलाड़ियों के हितार्थ किये जा रहे अन्य कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक सुधार एवं अतिशीघ्र एस्ट्रोटर्फ बिछाने का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देश दिए गए। ग्वालियर स्टेशन के निरीक्षण उपरान्त मंडल रेल प्रबंधक द्वारा ग्वालियर से सोनी स्टेशन के मध्य टावर वैगन के माध्यम से विभिन्न इंस्टालेशन तथा OHE का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक अमित सेंगर, वरिष्ठ मंडल इंजिनीयर (समन्वय) सत्य प्रकाश मिश्र, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) रघुनाथ सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) सुधीर कुमार, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजिनीयर अमित गोयल आदि अधिकारीगण और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी हुए पुरस्कृत




रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में प्रमुख मुख्य इंजीनियर पुरस्कार वितरण समारोह वर्ष २०२०-२१ आयोजित किया गया। इसमें वर्ष के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले इंजीनियरिंग विभाग से कुल १०२ रेलकर्मियों को एस० के० मिश्रा, प्रमुख मुख्य इंजीनियर ने पुरस्कृत किया एस० के० मिश्रा ने पुरस्कृत कर्मचारियों को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। उन्होंने अधिकारी/कर्मचारियों को इसी तरह सराहनीय कार्य करने को प्रेरित किया। उन्होंने यू०एस०एफ०डी० परीक्षण की महत्ता को प्रतिपादित किया।

इसके अलावा उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने पर भी जोर दिया। दिनाँक ०३.१२.२०२१ को इस अवसर पर नितिन गर्ग, सचिव/प्रमुख मुख्य इंजीनियर, ए० के० ददरया, मुख्य रेलपथ इंजीनियर, मुख्य परियोजना निदेशक/बी०डब्ल्यू एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उदय प्रकाश प्रजापति, पवन कुमार यादव, रत्नेश कुमार एवं दीपक शुक्ला के द्वारा किया गया।

# धनबाद मंडल द्वारा नवंबर माह में किया गया १३.०६ मीट्रिक टन माल का लदान

रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल द्वारा नवंबर माह में १३.०६ मीट्रिक टन माल लदान किया गया, जो पिछले वर्ष के इसी महीने के दौरान १२.६५ मीट्रिक टन लदान की तुलना में ३.४८ प्रतिशत अधिक है। रेक/दिन के संदर्भ में, इस महीने के दौरान ११०.६१ रेक/दिन लोड किए गए, पिछले वर्ष के इसी महीने के दौरान १०६.६ रेक/दिन लोड की तुलना में ३.७१ प्रतिशत ज्यादा है तथा यह किसी भी वर्ष के नवंबर माह में सबसे ज्यादा माल ढुलाई है। इसी तरह नवंबर माह के दौरान धनबाद मंडल में औसतन १०४ रेक/दिन कोयले की लदान की गई, जो पिछले वर्ष के इसी महीने के दौरान ६८.२ रेक/दिन लोड की तुलना में ५.६४ प्रतिशत ज्यादा है तथा यह किसी भी वर्ष के नवंबर में सबसे ज्यादा कोयला लदान है। इसके अलावा नवंबर माह के दौरान सीमेंट के कुल ७० रेकों का लदान किया गया, जो पिछले वर्ष के इसी महीने के दौरान लोड किए गए ७० रेकों के समान है जबकि फ्लाई ऐश के कुल १३ रेक लोड किए गए, पिछले वर्ष के इसी महीने के दौरान लोड किए गए ८ रेक/दिन की तुलना में ६२.५ प्रतिशत सुधार हुआ है। यह किसी भी नवंबर में सबसे ज्यादा फ्लाई ऐश लोडिंग है।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर मण्डलायुक्त ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। मण्डलायुक्त संजय गोयल विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिनांक०३.१२.२०२१ शुक्रवार को ज्योति दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र(विकलांग केन्द्र) में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा डान्स/फैशन शो की प्रस्तुती दी गयी। बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। दिव्यांग बच्चों को व्हील चेयर/वैशाखी एवं वॉकर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त रवि रंजन सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सिविल डिफेंस का कार्य सराहनीय-जिलाधिकारी



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। ५६वें नागरिक सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी/नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा संजय कुमार खत्री ने सोमवार दिनांक ०६.१२.२०२१ को सिविल डिफेन्स कंट्रोल रूम परिसर में नागरिक सुरक्षा ध्वज के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजोत्तोलन किया तद्उपरान्त नागरिक सुरक्षा का शपथ गृहण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, डी०आई०जी०/एस०एस०पी० सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी शीपू गिरी, नरेन्द्र शर्मा, उपनियंत्रक व सादिक हुसैन सिददीकी, डि०चीफ वार्डन द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं गृह सचिव, महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा, भारत सरकार एवं निदेशक, नागरिक सुरक्षा, उ०प्र० से प्राप्त संदेशों का वाचन किया गया। उपनियंत्रक द्वारा संपादित नागरिक सुरक्षा के सभी महत्वपूर्ण कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अनुपम परिहार, प्रवक्ता, एकता शुक्ला, प्रवक्ता राकेश कुमार पाण्डेय, शेषनाथ सिंह, सहायक स्वीप अधिकारी द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी, एस०एस०पी०, सी०डी०ओ० द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया गया तथा उन्होंने अपने-अपने संबोधनों में नागरिक सुरक्षा समस्त उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना काल में सिविल डिफेंस के द्वारा किया गया कार्य बहुत ही सराहनीय रहा,कुम्भ मेला हो या माघ मेला सिविल डिफेंस के लोग हर समय जनहित में तत्परता के साथ लोगो को अपनी सेवायें निस्वार्थ भाव से प्रदान करता है।

# अध्यक्ष पद पर राधाकांत ओझा हुए निर्वाचित

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के परिणाम आ गए हैं। जिसमें अध्यक्ष पद पर राधाकांत ओझा निर्वाचित हुए हैं। बतादें कि ७५४६ अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन चुनाव में मतदान किया था। चुनाव परिणाम के अनुसार महासचिव पद पर एसडी सिंह जादौन और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार मिश्र निर्वाचित हुए हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद विजयी हुए उम्मीदवारों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर खुशियां मनाईं। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में तीनों महत्वपूर्ण पदों के नतीजे मंगलवार दिनांक ०७.१२.२०२१ को घोषित कर दिए गए। अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत ओझा ने दर्ज जीत दर्ज की। महासचिव पद पर एसडी सिंह जादौन को विजय मिली। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार मिश्र निर्वाचित हुए।

# जिलाधिकारी ने की माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में माघ मेला-२०२२ की तैयारियों की प्रगति के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने पीडब्लूडी, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम, मेला प्राधिकरण, गंगा प्रदूषण सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बंधित कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरतने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने भूमि समतलीकरण के कार्य के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मेला क्षेत्र में सभी जगहों पर लगने वाले विद्युत कनेक्शन के साथ ही एमसीबी लगाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक माघ मेला सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# गोरखपुर दूरदर्शन अर्थ स्टेशन का हुआ लोकार्पण

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर दूरदर्शन के भू-उपकेंद्र का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने इटावा, लखीमपुर खीरी के गदनिया और बहराइच के नानपारा में दस-दस किलोवाट के नव-निर्मित आकाशवाणी के तीन एफ.एम. स्टेशन का भी वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। दिनांक ०३.१२.२०२१ को इस अवसर पर अपने संबोधन में अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि गोरखपुर में दूरदर्शन के भू-उपकेंद्र के लोकार्पण के साथ ही अब यहां के स्थानीय कार्यक्रम पूरे देश में पहुंचेंगे। उन्होंने घोषणा की कि आगामी ग्यारह दिसंबर से दूरदर्शन केंद्र गोरखपुर से भोजपुरी में एक घंटे के विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही आका"ावाणी के तीन और एफ. एम.स्टेशन सुल्तानपुर, रामपुर और महराजगंज में खुलेंगे। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से अपनी बात जन-जन तक पहुंचायी है। उन्होंने कहा कि एफ. एम. के श्रोताओं की संख्या बढ़ रही है। ठाकुर ने कहा कि आने वाले दिनों में और बड़ी संख्या में देश भर में एफ.एम. स्टेशन खोले जाएंगे। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के कार्यकाल की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को माफियाओं से मुक्ति दिलायी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दूरदर्शन गोरखपुर के भू-उपकेंद्र के लोकार्पण के साथ ही आज यहां के स्थानीय कलाकारों की दर्शकों की मांग पूरी हो गयी है। उन्होंने कहा कि अब दूरदर्शन केंद्र गोरखपुर अपने कार्यक्रमों के जरिये और ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा। दूरदर्शन के महानिदेशक मयंक अग्रवाल ने कहा कि भू-उपकेंद्र के लोकार्पण के साथ ही अब गोरखपुर केंद्र लखनऊ और दिल्ली सहित देश भर में फैले नेटवर्क के साथ जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि अब स्थानीय लोक संस्कृति के कार्यक्रम पूरे देश में पहुंच सकेंगे। दूरदर्शन केंद्र गोरखपुर में भू-केंद्र के उद्घाटन से स्थानीय कलाकारों में विशेष उत्साह है। उनका कहना है कि स्थानीय स्तर पर निर्मित उनके कार्यक्रम अब डीटीएच के माध्यम से देश-विदेश के लोगों तक पहुंच सकेंगे।

# माघ मेले की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में माघ मेले से जुड़ी तैयारियों को लेकर डीआरएम मोहित चंद्रा और जिलाधिकारी संजय खत्री की टीम के साथ बैठक आयोजित हुई। बृहस्पतिवार दिनांक ०२.१२.२०२१ को इस बैठक मे मेले की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में एडीआरएम अजीत कुमार सिंह ने पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रयागराज मंडल द्वारा की जाने वाली तैयारियों के बारे में बताया कि माघ मेले में रेल आरक्षण आदि की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होने बताया कि क्राउड मैनेजमेंट के लिए रूट वार यात्री आश्रय स्थल के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाएगा। इन आश्रय स्थल पर सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। बताया कि मेला क्षेत्र में हर वर्ष की तरह इस बार भी रेलवे का शिविर यात्रियों की सुविधा के लिए उपलब्ध रहेगा। यात्रियों को एनाउंसमेंट के जरिये यह भी बताया जाएगा कि किस स्टेशन से कौन सी ट्रेन उन्हें उपलब्ध होगी।

# टीकमगढ़-ललितपुर रेलखंड की सेक्शनल गति में वृद्धि

साभारः झांसी मंडल ने कई महत्वपूर्ण रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास कार्यो को सफलतापूर्वक निष्पादित करने के साथ यात्री सेवाओं तथा कर्मियों की प्रदान की जाने वाली आवश्यक सुविधाओं पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष के सक्षम नेतृत्व में मंडल संरक्षा एवं आधारभूत अवसंरचना को बेहतर करने हेतु निरंतर प्रयासरत् है। इसी क्रम में ललितपुर-टीकमगढ़ खंड पर किमी सं १०३८.२६० से १०६०.७८० तक ट्रैक सहित अन्य इंस्टालेशन में सुधार करते हुए सेक्शन गति को बढ़ाया गया है। अब इस खंड पर अधिकतम अनुमेय गति को ७० किमी से बढ़ाकर १०० किमी प्रति घंटा कर दिया गया है। गति में बढ़ोतरी से खंड में संचालित की जाने वाली सभी यात्रीवाही और मालवाही रेलगाड़ियों को गति मिलेगी, जिससे क्षेत्र वासियों को लाभ होगा। गाड़ियों की समय पालनता भी बढ़ेगी।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

**सम्पादकीय**

## फिर एक नया बहरूपिया

कोरोना विषाणु की जैसी प्रकृति पिछले करीब दो साल के दौरान देखी गई और जैसे बदलाव देखे गए, इसके मद्देनजर यह आशंका पहले से ही थी कि आने वाले दिनों में इसका खतरा फिर बढ़ सकता है।

अब इसका नया स्वरूप ओमीक्रान नाम से उभरा है, उससे यही लगता है कि इस महामारी को लेकर जरा भी लापरवाही खतरे को कई गुना बढ़ा सकती है।

वह कोरोना की पहली और दूसरी लहर की त्रसदी की याद दिला रहा है। हालांकि हाल के दिनों में संक्रमण के मामलों में लगातार कमी से राहत महसूस की जा रही थी। उम्मीद बंधने लगी थी कि अब कोरोना विषाणु की ताकत कमजोर पड़ने लगी है और आने वाले कुछ समय में लोग अपना सामान्य जीवन जी सकेंगे।

मगर अब नए स्वरूप को लेकर दुनिया भर में चिंता फैल रही है और यही वजह है कि हमारे देश में भी केंद्र सरकार ने राज्यों से हर स्तर पर सावधानी बरतने, मास्क और साफ-सफाई जैसे बचाव के उपाय अपनाने, परीक्षण बढ़ाने और संक्रमित मरीजों के इलाज सहित टीकाकरण की गति तेज करने को कहा है।

वहीं जोखिम वाले देशों के रूप में चिह्नित जगहों से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर नजर रखने का भी निर्देश दिया गया है। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के देशों से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा है कि वे कोविड-१६ के नए स्वरूप ओमीक्रान पर काबू पाने के लिए निगरानी बढ़ाने, जन-स्वास्थ्य मजबूत बनाने और आसान उपायों का पालन करने सहित टीकाकरण का दायरा बढ़ाने पर जोर दें।

गौरतलब है कि कोरोना के इस नए स्वरूप की पहचान सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में हुई। इसके खतरे का फिलहाल आकलन किया जा रहा है।

## केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन ने अर्जित किया एक और उपलब्धि



साभारः भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना द्वारा ब्रॉड गेज रूटों का शत प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य को मिशन मोड में आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज की कोलकाता परियोजना ने पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मण्डल में आने वाले, सीतामढ़ी से रक्सौल (७६.३ RKM) खण्ड का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण करने के उपरान्त दिं ०४.१२.२०२१ को सीआरएस निरीक्षण का कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल किया है।

इस खण्ड के विद्युतीकृत होने से समस्तीपुर से दरभंगा, सीतामढ़ी होते हुए रक्सौल तक जाने वाली लगभग ११ मेल/सवारी गाड़ियाँ अब विद्युत कर्षण पर चलेंगी। इस खण्ड का एक छोर रक्सौल स्टेशन, नेपाल और बिहार का प्रवेश द्वार है तथा दूसरा छोर समस्तीपुर जंक्शन को जोड़ता है। यह विद्युतीकृत खंड यातायात में वृद्धि के दृष्टिकोण से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, जिससे इस खण्ड में गाड़ियों के परिचालन में और सहूलियत तथा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा। समस्तीपुर-दरभंगा-सीतामढ़ी-रक्सौल रेल मार्ग के विद्युतीकृत होने में लगभग २५३.६ करोड़ रुपये की लागत आई है। स्वच्छ पर्यावरण के लिए संकल्पित शून्य कार्बन उत्सर्जन के साथ भारतीय रेल को हरित रेल बनाने की राह पर केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज, अहम भूमिका निभा रहा है। कोर के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह, ने कोलकाता परियोजना की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि कोर के सभी नव प्रोजेक्ट भारतवर्ष के सभी ब्रॉडगेज रेल-मार्गो को २०२३ तक पूर्ण रूप से विद्युतीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## प्रयागराज में बनेगा पहला फाइव स्टार होटल

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराज विकास प्राधिकरण शहरियों को पहले फाइव स्टार होटल की सौगात देने जा रहा है। प्राधिकरण की ओर से इसको लेकर तैयारियां ज़ोरों पर करायी जा रही हैं, ताकि २०२५ में लगने वाले कुंभ मेले से पहले शहर को फाइव स्टार होटल मिल सके। सूत्रों के अनुसार पीडीए के अधिकारियों ने बताया कि मम्फोर्डगंज में स्थित लाला लाजपतराय मार्ग पर मौजूद पीडीए की जमीन को होटल के लिए फाइनल किया गया है, जहां पर शहर का पहला फाइव स्टार होटल बनेगा। पीडीए की ओर से बनवाए जा रहे फाइव स्टार होटल के लिए १४५०० स्क्वायर मीटर जमीन फाइनल की गई है। इस जमीन पर फाइव स्टार होटल काम्पलेक्स के साथ ही पीडीए कार्यालय के लिए भी एक भवन का निर्माण कराया जाएगा। होटल की अनुमानित कीमत २५० करोड़ निर्धारित की गई है।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर उत्तर मध्य रेलवे में हुआ कार्यक्रम



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बी आर अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर दिनांक ०६ दिसंबर २०२१ को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय प्रयागराज आयोजित एक समारोह में डॉ. अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर बोलते हुए, नंद किशोर, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे ने बाबासाहेब के प्रारंभिक जीवन पर प्रकाश डाला और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्ष पर विस्तार से चर्चा की। प्रारंभ में विभिन्न संघों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शेषनाथ पुष्कर, राजभाषा अधिकारी ने समानता के संबंध में भारतीय संविधान के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की।

उत्तर मध्य रेलवे अनुसूचित जाति/जनजाति एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बाबा साहेब याद करते हुए बताया कि किस तरह डॉ अम्बेडकर ने हिंदू कोड बिल पर विचार-विमर्श के दौरान महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण के मुद्दे पर अपना पक्ष रखा था। उन्होंने अधिकारों और कर्तव्यों के बीच संतुलन सुनिश्चित करने में अम्बेडकर के योगदान का भी उल्लेख किया गया। लालसा राम, सचिव जोनल एससी/एसटी एसोसिएशन ने भी अपने विचार रखे, जबकि शैलेंद्र कपिल, सीसीओ/उत्तर मध्य रेलवे ने एक कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि दी।

उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में डॉ,अंबेडकर को उच्च साहस वाला व्यक्ति बताया। महाप्रबंधक ने कहा कि डॉ,अम्बेडकर सामाजिक समरसता पर आधारित आधुनिक समाज का मार्ग प्रशस्त करने वाले व्यक्ति रहे हैं।

महाप्रबंधक ने आगे कहा कि बाबासाहेब ने समानता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित शासन व्यवस्था की स्थापना और सामाजिक असमानता को समाप्त करने के लिए भी प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन अवधेश कुमार, सीपीओ/आईआर उत्तर मध्य रेलवे द्वारा किया गया।

## ऊर्जा संरक्षण सप्ताह पर सेमिनार आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र। उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मण्डल में मंडल रेल प्रवन्धक आशुतोष के मार्ग दर्शन में दिनांक ०७ दिसम्बर से १४ दिसम्बर, २०२१ तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत दिनांक ०७/१२/२०२१ को वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य) रघुनाथ सिह एवं सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.) श्री आर डी भार्गव के निर्देशन में एसएसई/ईएलएम/ईस्ट कार्यालय में एसएसई/ईएलएम/ ईस्ट झाँसी लखन लाल अहिरवार की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें ऊर्जा संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डाला गया। ऊर्जा संरक्षण करने वाले विद्युत उपकरणों को प्रदर्शित किया गया। कर्मचारियों द्वारा रेलवे स्टेशन झाँसी पर ऊर्जा संरक्षण से सम्बन्धित पम्पलेट, पोस्टर विभिन्न यात्रियों को वितरित किये गये व कर्मचारियों को ऊर्जा संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया। विद्युत ऊर्जा संरक्षण की जागरूकता बढ़ाने हेतु विधुत सामान्य विभाग के सभी डिपो जैसे ग्वालियर, बांदा, ललितपुर, उरई, जुही, खजुराहो आदि स्टेशनों पर भी यह सप्ताह मनाया जा रहा है जिससे ऊर्जा के संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ाया जा सके।

# कोविड की परिस्थितियों में बंद की गई ट्रेनों की बहाली लगातार की जा रही है - रावसाहेब दादाराव पाटिल दानवे

साभारः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत नैनपुर एवं चिर डोंगरी के मध्य ०५७०६/ ०५७१० नैनपुर-चिर डोंगरी-नैनपुर स्पेशल ट्रेन एवं पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर से नैनपुर के मध्य ०५७०३/०५७०४ जबलपुर-नैनपुर-जबलपुर स्पेशल ट्रेन एवं का परिचालन शुरू किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक ०५.१२.२०२१ को इन दोनों गाड़ियो का विधिवत शुभारंभ रावसाहेब दादाराव पाटिल दानवे, रेल, कोयला और खान राज्य मंत्री के द्वारा वीडियो लिंक के माध्यम से दूरवर्ती झंडी दिखाकर जबलपुर रेलवे स्टेशन एवं नैनपुर रेलवे स्टेशन से प्रातः १०.०० बजे किया गया। शुभारम्भ के अवसर पर नैनपुर में फग्गन सिंह कुलस्ते, माननीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री, संपतिया उइके, सांसद, राज्यसभा, देवसिंह सैय्याम, विधायक/मंडला तथा जबलपुर में राकेश सिंह, सांसद/ जबलपुर उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड से एस. के. मोहंती,




सदस्य परिचालन व व्यवसाय विकास, रेलवे बोर्ड तथा आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जबलपुर कार्यक्रम स्थल पर एस. के. गुप्ता, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे तथा नैनपुर कार्यक्रम स्थल पर मनिंदर उप्पल, मण्डल रेल प्रबन्धक, नागपुर व अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में रावसाहेब दादाराव पाटिल दानवे, माननीय रेल, कोयला और खान राज्य मंत्री ने जबलपुर, नैनपुर एवं मंडला क्षेत्र के निवासियों को इन पैसेंजर सेवाओं की बहाली पर बधाई देते हुए कहा कि भारतीय रेल द्वारा देश की जनता के हितो को ध्यान में रखकर कोविड की परिस्थितियों में बंद की गई ट्रेनों की बहाली लगातार की जा रही है। उन्होने आगे कहा कि इन पैसेंजर सेवाओं के शुरू होने से न सिर्फ इस क्षेत्र के नागरिकों को परिवहन सुविधा मिलेगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस क्षेत्र में स्थित भेड़ाघाट जलप्रपात, बरगी डैम, कान्हा वाइल्ड लाइफ सैंचूरी आदि दर्शनीय स्थलों को देखने का मौका लोगों को मिलेगा।

इसके साथ ही उन्होने कहा कि इन पैसेंजर सेवाओं से इस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी । नैनपुर स्टेशन में उपस्थित फग्गन सिंह कुलस्ते, इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित जनों को इन सेवाओं की बहाली की बधाई देते हुए कहा कि इन सेवाओं की बहाली से इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ेगी एवं यहाँ के निवासियों को लाभ होगा। उन्होने आगे कहा कि सम्पूर्ण भारतीय रेलवे में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सबसे बड़ा आमान परिवर्तन का कार्य किया गया है एवं इसके लिए भारतीय रेलवे एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों का आभार है। इस अवसर पर जबलपुर कार्यक्रम स्थल में मौजूद राकेश सिंह, सांसद जी ने भी क्षेत्र की जनता को इन पैसेंजर सेवाओं की बहाली पर बधाई दी।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कहा कि इन पैसेंजर सेवाओं के प्रारम्भ होने से इस क्षेत्र के नागरिकों को किफायती और सुलभ यातायात की सुविधा मिलेगी। साथ ही साथ बड़ी लाईन के रेल नेटवर्क से जुड़ने से इस क्षेत्र का देश के अन्य भागों के लिए सीधी सेवा प्राप्त होगी जिससे कि इस क्षेत्र की आर्थिक तथा सामाजिक विकास के नये रास्ते प्रशस्त होंगे।

# General Manager , Southern Railway conducts annual Inspection of Tiruchchirappalli Division




**Source CPRO/SR: John Thomas, General Manager, Southern Railway conducted annual inspection in Mayiladuturai – Tiruchchirappalli Section on 09.12.2021. Manish Agarwal, Divisional Railway Manager of Tiruchchirappalli Division, Principal Heads of Departments, other officers and staff accompanied the General Manager. In Mayiladuturai Station, John Thomas, inspected various facilities such as Running Rooms, Crew Lobby and OHE Depot. The General Manager opened the renovated Traffic Inspector Office, and commissioned the Body Mass Index Kiosk Machine at the station, as well as the Miyawaki Garden and planted Tree Saplings. A quarterly magazine 'Rail Leaf' containing Various Initiatives of operating Department and a hand book for Railway Guards working in Tiruchchirappalli Division was also released by the General Manager during his inspection. Later during the day, he inspected two Level Crossing gates, Curves, Bridges in Mayiladuturai – Thanjavur Section. He also inspected Titte station and interacted with Gangmen. A New Gang Rest Room was also was opened at Titte. At Thanjavur, General Manager inspected various passenger amenities, newly converted RPF Barrack, New SSE/Signal Office, Solid Waste Management plant, SSE/Electrical Office and other station facilities. A speed trial was conducted between Thanjavur and Ponmalai Stations as part of the inspection On arrival at Tiruchchirappalli, General Manager reviewed various passenger amenities at Tiruchchirappalli Station. He commissioned New IRCTC Facilitation Center, E-Bike Rental facility and inspected the ongoing works for the new IRCTC food plaza at the station. A Selfie Point named 'I Love Trichy' was also inspected by GM during the inspection. The General Manager interacted with Passenger Associations and commuters at various railway stations enroute and received their representations. During the course of inspection, the General Manager declared awards to outstanding employees and distributed merit certificates o-n the spot.**

# वॉली बॉल प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम को स्वर्ण पदक



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के तत्वावधान में जबलपुर में दिनांक ०२ से ०७ दिसम्बर, २०२१ तक आयोजित ऑल इंडिया आरपीएफ/ आरपीएसएफ वॉलीबाल प्रतियोगिता मे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर टीम ने भाग लिया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला टीम ने पूर्व मध्य रेलवे की महिला टीम को इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में ३-२ से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला टीम को गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया गया। उक्त प्रतिभागियो ने अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता में पदक जीत कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को गौरवान्वित किया है। महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के द्वारा खिलाड़ियों को टीम कोच, मैनेजर सहित बधा देते हुए पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा महानिरीक्षक द्वारा खेलों में अन्य महिला बल सदस्यों को भी भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया एंव खिलाडी बल सदस्यों को आवश्यक सभी सुविधाएं प्रदान करने हेतु तीनों मंडल सुरक्षा आयुक्तों को निर्देश दिया गया।

वॉली बाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के महिला खिलाडियों का नाम इस प्रकार हैं: (१) ज्योति बाला (कप्तान) (२) वंदना हल्दकार (३) सृष्टि सिंह चौहान (४) स्नेहाजित एम. के (५) काजल पटेल (६) रोशनी नाकतोडे (७) सीता अग्रवाल (८) विजया मसखरे (९) प्रभा सिंह (१०) डी. सीएच. सूरीबाबू (कोच) (११) राविन्द्र कुमार प्रसाद (टीम कोच)।

# ५८० हेक्टेयर भूमि पर बसेगा प्रयागराज माघ मेला

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। माघ मेला बसाने के लिए इस बार भूमि का सर्वे पूरा कर लिया गया है। सर्वे के बाद इस बार माघ मेला के लिए ५८० हेक्टेयर भूमि मिली है। सेक्टर दो, तीन और चार में कटान की वजह से करीब सौ बीघे जमीन कम हो गई है। इस वजह से दर्जनों संस्थाओं का विस्थापन तय हो गया है। उधर, पांटून पुलों के निर्माण में कानपुर बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण बाधा खड़ी हो गई है। तेज बहाव की वजह से जहां पीपे जुड़ नहीं पा रहे हैं, वहीं त्रिवेणी और महावीर पुलों का एलाइनमेंट भी बिगड़ने से पीडब्ल्यूडी के माथे पर बल पड़ गए हैं। सेक्टर दो में महावीर मार्ग, सरस्वती मार्ग और त्रिवेणी मार्ग पर भारी कटान से जमीनें कम हो गई हैं। दूसरी ओर ओल्ड जीटी और गंगोली शिवाला पर कटान की वजह से सेक्टर तीन, चार में भी जमीन का दायरा कम हो गया है। इससे दर्जनों संस्थाओं को विस्थापन की मार झेलनी पड़ेगी। फिलहाल जलस्तर लगातार बढ़ने से गंगा तेज होती जा रही हैं।

## महत्त्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित 31 रेल सेवाओं में अनारक्षित द्वितीय श्रेणी/दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी कोचों को दिनांक 10.12.2021 से कोविड पूर्व स्थिति में बहाल करने का निर्णय लिया गया है। इन रेलगाड़ियों की सूची निम्नानुसार है :–

**रेलगाड़ियों में अनारक्षित डिब्बों की बहाली**

| रेलगाड़ी सं. | रेगुलर रेलगाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | डिब्बों की संख्या | कोविड पूर्व अवधि के दौरान संचालित कोचों की संख्या | | दिनांक 10.12.2021 से वर्तमान डिब्बों में परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आरक्षित (2एस) | अनारक्षित | |
| 02232/31 | 12232/31 | चण्डीगढ़–लखनऊ–चण्डीगढ़ एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–6, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | शून्य | 8 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04610/09 | 14610/09 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटरा – योग नगरी ऋषिकेश–श्रीमाता वैष्णों देवी कटरा हेमकुण्ट एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–3 | शून्य | 3 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04664/63 | 14631/32 | देहरादून–अमृतसर जं.–देहरादून एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–6, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | शून्य | 8 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 02238/37 | 12238/37 | जम्मू तवी–वाराणसी जं.–जम्मू तवी एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–3, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–2 | शून्य | 5 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04012/11 | 14012/11 | होशियारपुर–दिल्ली जं.–होशियारपुर एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–6, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–2 | शून्य | 8 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04218/17 | 14218/17 | चण्डीगढ़–प्रयागराज संगम–चण्डीगढ़ ऊँचाहार एक्स. (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–6, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | शून्य | 8 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04508/07 | 14508/07 | फाज़िल्का–दिल्ली जं.–फाज़िल्का एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–10, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–2 | शून्य | 12 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04666/65 | 12460/59 | अमृतसर जं.–नई दिल्ली–अमृतसर जं. एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | कुर्सीयान–6, द्वितीय श्रेणी–10 | कुर्सीयान–6 | 10 | द्वितीय श्रेणी–10 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04078/77 | 22430/29 | पठानकोट–दिल्ली जं.–पठानकोट सुपरफास्ट (सप्ताह में 6 दिन) | कुर्सीयान–6, द्वितीय श्रेणी–8 | कुर्सीयान–6 | 8 | द्वितीय श्रेणी–8 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04068/67 | 12498/97 | अमृतसर जं.–नई दिल्ली–अमृतसर जं. शान ए पंजाब एक्स (प्रतिदिन) | कुर्सीयान–14, द्वितीय श्रेणी–2 | कुर्सीयान–14 | 2 | द्वितीय श्रेणी–2 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04034/33 | 14034/33 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटरा – दिल्ली जं.–श्रीमाता वैष्णों देवी कटरा जम्मू मेल (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–4 | शून्य | 4 | द्वितीय श्रेणी–4 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04554/53 | 14554/53 | दौलतपुर चौक–दिल्ली जं.–दौलतपुर चौक हिमाचल एक्स (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–7, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | शून्य | 9 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04315/16 | 14315/16 | बरेली–नई दिल्ली–बरेली इंटरसिटी एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | कुर्सीयान–9, द्वितीय श्रेणी–5, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | कुर्सीयान–9 | 7 | द्वितीय श्रेणी–5, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04235/36 | 14236/35 | बरेली–वाराणसी जं.–बरेली एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–4, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–2 | शून्य | 4 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04307/08 | 14308/07 | बरेली–प्रयागराज संगम–बरेली पेसेंजर (प्रतिदिन) | कुर्सीयान–2, द्वितीय श्रेणी–5, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | कुर्सीयान–2 | 7 | द्वितीय श्रेणी–5, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04265/66 | 14266/65 | देहरादून–वाराणसी जं.–देहरादून एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–6, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | शून्य | 8 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04041/42 | 14042/41 | देहरादून–दिल्ली जं.–देहरादून मसूरी एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–3, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–2 | शून्य | 3 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04207/08 | 14208/07 | दिल्ली जं.–प्रतापगढ़ जं.–दिल्ली जं. पदमावत एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–5, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | शून्य | 7 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04229/30 | 14230/29 | योग नगरी ऋषिकेश–प्रयागराज संगम–योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस (सप्ताह में 3 दिन) | द्वितीय श्रेणी–5, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–2 | शून्य | 7 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04542/41 | 12242/41 | अमृतसर जं.–चण्डीगढ़–अमृतसर जं. सुपरफास्ट (प्रतिदिन) | कुर्सीयान–6, द्वितीय श्रेणी–2 | कुर्सीयान–6 | 2 | द्वितीय श्रेणी–2 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04562/61 | 12412/11 | अमृतसर जं.–चण्डीगढ़–अमृतसर जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | कुर्सीयान–8, द्वितीय श्रेणी–2 | कुर्सीयान–8 | 2 | द्वितीय श्रेणी–2 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04606/05 | 14606/05 | जम्मू तवी–योग नगरी ऋषिकेश–जम्मू तवी एक्सप्रेस (साप्ताहिक) | द्वितीय श्रेणी–5 | शून्य | 5 | द्वितीय श्रेणी–5 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04682/81 | 14682/81 | जालंधर सिटी–नई दिल्ली–जालंधर सिटी एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | कुर्सीयान–6, द्वितीय श्रेणी–10 | कुर्सीयान–6 | 10 | द्वितीय श्रेणी–10 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04028/27 | 22479/80 | नई दिल्ली–लोहियां खास जं.–नई दिल्ली सरबत दा भला एक्सप्रेस (सप्ताह में 5 दिन) | कुर्सीयान–6, द्वितीय श्रेणी–5 | कुर्सीयान–6 | 5 | द्वितीय श्रेणी–5 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04082/81 | 22486/85 | मोगा–नई दिल्ली–मोगा इंटरसिटी एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) | कुर्सीयान–6, द्वितीय श्रेणी–5 | कुर्सीयान–6 | 5 | द्वितीय श्रेणी–5 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 02446/45 | 12446/45 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटरा–नई दिल्ली–श्रीमाता वैष्णों देवी कटरा उत्तर सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–4 | शून्य | 4 | द्वितीय श्रेणी–4 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 02419/20 | 12420/19 | नई दिल्ली–लखनऊ–नई दिल्ली गोमती एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | कुर्सीयान–12, द्वितीय श्रेणी–5 | कुर्सीयान–12 | 5 | द्वितीय श्रेणी–5 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे एवं अन्य आरक्षित रहेंगे |
| 04205/06 | 14206/05 | दिल्ली जं.–अयोध्या कैंट–दिल्ली जं. एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–5, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | शून्य | 7 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04511/12 | 14511/12 | प्रयागराज संगम–सहारनपुर–प्रयागराज संगम नोचंदी एक्स. (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–5, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | शून्य | 7 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 04220/19 | 14220/19 | लखनऊ–वाराणसी जं.–लखनऊ एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन) | द्वितीय श्रेणी–12, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | शून्य | 14 | सभी वर्तमान डिब्बे अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |
| 20401/02 | ---- | वाराणसी जं. – लखनऊ – वाराणसी जं. सुपरफास्ट शटल एक्स. (प्रतिदिन) | द्वितीय श्रेणी–14, एसी कुर्सीयान–1, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 | शून्य | 16 | द्वितीय श्रेणी–14, द्वितीय श्रेणी एवं लगेज और ब्रेक–वेन–1, दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी–1 अनारक्षित श्रेणी में संचालित किये जायेंगे |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

**नोटः रेलगाड़ियों और रेलवे स्टेशनों पर कोविड-19 से संबंधित राज्य एवं केंद्र सरकार के सभी नियमों और सभी सावधानियों का पालन करना अनिवार्य है।**

2854/2021

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पूर्व मध्य रेलवे ने स्क्रैप निष्पादन के क्षेत्र में प्राप्त की उल्लेखनीय उपलब्धि

रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। स्क्रैप निपटान के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेलवे द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए वर्ष २०२१-२२ के नवंबर माह तक स्क्रैप बिक्री से १५४.०३ करोड़ की आय प्राप्त हुई है। रेलवे बोर्ड द्वारा पूर्व मध्य रेल को २०२१-२२ में स्क्रैप बिक्री से २४० करोड़ रूपए का लक्ष्य दिया गया है। पूर्व मध्य रेल को वर्ष २०२१-२२ के लिए निर्धारित लक्ष्य २४० करोड़ रूपए की तुलना में ०३.१२.२०२१ तक स्क्रैप बिक्री से १५८.१४ करोड़ रूपए प्राप्त हुए जो इस तिथि तक के लिए निर्धारित लक्ष्य १४६.६३ करोड़ रूपए की तुलना में ०५.४७ प्रतिशत अधिक है। विदित हो कि पिछले कई वर्षों से पूर्व मध्य रेल का भारतीय रेल के क्षेत्रीय रेलों में स्क्रैप बिक्री से प्राप्त आय के मामले में हमेशा अग्रणी स्थान रहा है। वर्ष २०१६-२० में रेलवे बोर्ड द्वारा पूर्व मध्य रेल को स्क्रैप बिक्री से प्राप्त आय हेतु दिये गये लक्ष्य २२० करोड़ रूपए की तुलना में २२८.४० करोड़ का राजस्व प्राप्त किया।

## बेटिकट रेल यात्रियों से वसूला गया जुर्माना

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। बिना टिकट और ट्रेनों में गंदगी फैलाने वाले लोगों से इस वित्तीय वर्ष में रेलवे ने रिकार्ड जुर्माना वसूला है। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के पहले आठ माह के दौरान विभिन्न मदों में ३०.६६ करोड़ का जुर्माना वसूला गया है। प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह के अनुसार अप्रैल से नवंबर के बीच बिना टिकट, अनियमित टिकट, बिना बुकिंग सामान, गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चला। इस दौरान कुल ४.६३ लाख यात्री बिना टिकट यात्रा के ही पकड़े गए। इन सभी से जुर्माने के रूप में ३०.४६ करोड़ रुपये वसूला गया। गंदगी फैलाने वाले ३७६० यात्रियों से ६.१० लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।

महात्मा गांधी

## एक जनवरी से ट्रेनों में मिलेंगे जनरल टिकट



रे.स.ब्यू./सूत्र। एक जनवरी से लखनऊ जंक्शन गोरखपुर इंटरसिटी सहित इन ट्रेनों में जनरल श्रेणी के टिकट मिलने लगेंगे। जिससे रेल यात्रियों का राहत मिलेगी। इन ट्रेनों में लखनऊ जंक्शन गोरखपुर इंटरसिटी (१२५३१/३२), लखनऊ जंक्शन वाराणसी कृषक एक्सप्रेस (१५००७/०८), गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस (१५००६/१०), लखनऊ जंक्शन काठगोदाम एक्सप्रेस (१५०४३/४४), लखनऊ जंक्शन छपरा एक्सप्रेस (१५०५३/५४), ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस (१५०६६/७०), फर्रुखाबाद छपरा एक्सप्रेस (१५०८३/८४), गोरखपुर वाराणसी इंटरसिटी (१५१०३/०४) तथा छपरा नौतनवा पैसेंजर (१५१०५/०६) शामिल हैं। मंडल रेल प्रबंधक डॉ. मोनिका अग्निहोत्री ने बताया कि स्टेशनों पर टिकट वेंडिंग मशीनें भी लगाई जाएंगी वहीं लखनऊ जंक्शन, ऐशबाग,सिटी स्टेशन,डालीगंज, मोहिबुल्लापुर व गोमतीनगर समेत अन्य रेलवे स्टेशनों पर निर्देशित कर दिया गया है।

## तीन दिन निरस्त रहेगी नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। नॉन इंटरलाकिंग कार्य की वजह से रेलवे के बिलासपुर मंडल में दुर्ग से चलकर नौतनवा जाने वाली ट्रेन तीन दिन निरस्त रहेगी। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ डॉ. शिवम शर्मा ने कहा कि गाड़ी संख्या १८२०१ दुर्ग-नौतनवा १५, १७ और २२ दिसंबर को दुर्ग से निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या १८२०२ नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस १७, १६ और २४ दिसंबर को नौतनवा से निरस्त रहेगी। इसके अलावा तीन जोड़ी और ट्रेनें भी निरस्त की गई हैं। लेकिन वो प्रयागराज से नहीं गुजरती हैं।

## रेलवे सुरक्षा बल का सराहनीय कार्य

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। रेल प्रशासन अपने सम्मानित यात्रियों को सुरक्षित रेल यात्रा उपलब्ध कराने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम मे दिनांक ०६.१२.२०२१ को हेल्पलाइन/प्रयागराज द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट चुनार को सूचना दी गई की गाड़ी स. १५०७४ के यात्री राजेश सोनकर के मोबाइल द्वारा रेल हेल्पलाइन पर फोन कर के बताया गया है की वह अपने २ नीले कलर का बैग कोच स.१ के बर्थ स.५७ पर भूल गया है।

सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक रशीद अहमद द्वारा कोच को अटेंड किया गया तथा दोनों बैग को सुरक्षित उतार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट चुनार पर लाया गया। दिनांक ०६.१२.२०२१ को यात्री राजेश सोनकर के बहनोई चुनार के रेलवे सुरक्षा बल के पोस्ट पर उपस्थित हुए। दोनों बैग की मांग करने पर पूछताछ की गयी। दोनों बैग का सामान सही पाये जाने पर बहनोई को सुपुर्द किया गया।

## पूर्व मध्य रेल की आय में ४६ प्रतिशत की वृद्धि



साभारः पूर्व मध्य रेल को चालू वित्त वर्ष २०२१-२२ के प्रथम ०८ माह अर्थात अप्रैल से नवंबर, २०२१ तक यात्री यातायात, माल ढुलाई सहित अन्य सभी स्रोतों से प्राप्त होने वाले आय में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ कुल १४१८४.३८ करोड़ रूपए की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई जो पिछले वर्ष के नवंबर माह तक प्राप्त प्रारंभिक आय ६५३४.१६ करोड़ रूपये के तुलना में ४८.७७ प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष के नवंबर माह तक यात्री यातायात से १६२०.११ करोड़ रूपए की आय प्राप्त हुई। यह आय पिछले वर्ष के नवंबर माह तक प्राप्त आय की तुलना में लगभग दोगुनी है। जबकि सिर्फ नवंबर, २०२१ में यात्री यातायात से २२४.०५ करोड़ रूपए प्राप्त हुए जो पिछले वर्ष की समान अवधि अर्थात नवंबर, २०२० में यात्री यातायात से प्राप्त आय ११६.५३ करोड़ रूपए की तुलना में ८७.४४ प्रतिशत अधिक है।माल ढुलाई के क्षेत्र में उत्साहवर्द्धक वृद्धि दर्ज की गई है। इस क्रम में वर्ष २०२१-२२ के नवंबर माह तक पूर्व मध्य रेल द्वारा १०४.५६ मिलियन टन का माल लदान किया गया जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि में किये गये माल लदान ८६.७६ मिलियन टन की तुलना में २०५२ प्रतिशत अधिक है।

पूर्व मध्य रेल द्वारा की गई इस ढुलाई से पिछले वर्ष की तुलना में ३६.२५ प्रतिशत वृद्धि के साथ १२३१६.२० करोड़ रूपए प्राप्त हुए। इसी क्रम में अन्य कोचिंग से प्राप्त आय में भी १२६ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी और यह पिछले वित्तीय वर्ष के नवंबर माह तक अन्य कोचिंग से प्राप्त आय ६६.५७ करोड़ रूपये की तुलना में १५०.७३ करोड़ रूपये रही।

## General Manager , Southern Railway conducts Annual Inspection of Madurai Division



**Source CPRO/SR: John Thomas, General Manager, Southern Railway conducted annual inspection between Madurai – Tiruchchirappalli Section of Madurai Division covering important major and minor stations today, 13th November, 2021. This is part of his annual exercise to review the Division's performance. Shri P. Ananth, Divisional Railway Manager of Madurai Division, Principal Heads of Departments, other officers and staff accompanied the General Manager. During his inspection of Madurai Junction, General Manager inspected Modern signaling arrangements at the Route Relay Interlocking (RRI) Cabin, Foot Over Bridge and various passenger amenities at the station. He also viewed the plans for Remodeling of Madurai Railway Station Building. At Sholavandan Station, General Manager inspected the station facilities and Level Crossing Gate No.313 near the station. He also inspected the Route Relay Interlocking System at Sholavandan and Points and Crossings at Samayanalur Railway Station. At Dindigul Railway Station, through Video Conferencing, Shri John Thomas inaugurated the Multipurpose Employee Training Center at Tirupankundram. He inspected Dindigul North Railway Colony and interacted with the residents. He also opened the renovated Kalyana Mandapam and visited the Running Room and Newly constructed parking lot and also inspected the Marudaiyar Rail Bridge in Vada Madurai – Ayyalur Section. He commissioned Testing Facility for Electronic Interlocking known as EI FAT MEDHA SETUP. Later, he released various in house publications for the benefit of running staff such as 'Case study Analysis of Track Circuit' booklet, Train Guard Manual, Fire Prevention Brochure, Train Safety Banners and Disaster Management Guide. He also visited the Health Unit at Dindigul and interacted with the Doctors, Nurses and Paramedical Staff. Appreciating their humanitarian service during the Covid First and Second Waves, General Manager presented awards and merit certifications to outstanding healthcare professionals. The General Manager also inspected Gang No.9 at Vaiyampatti and interacted with the Gangmen.During the course of inspection, General Manager met the representatives of various passenger associations, Trade Unions and Employees Association etc. The officers and employees who performed remarkable work were honored with awards and merit certificates on the spot. He interacted with Press and Media at Madurai Jn and detailed about the developments taking place in Madurai Division and the progress of various projects in the region.Later, General Manager also conducted a Speed Trial between Vaiyampatti and Tiruchchirappalli Station during the course of the Inspection.**

## उत्तर मध्य रेलवे में ऊर्जा संरक्षण प्रदर्शनी आयोजित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे में दिनांक ०७ से १४ दिसम्बर तक राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत दिनॉक १३.१२.२०२१ को महाप्रबन्धक कार्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव की थीम पर आधारित उर्जा संरक्षण प्रदर्शनी का अयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रंबधक प्रमोद कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन विभिन्न उर्जा संरक्षण के उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से किया गया था। प्रदर्शनी में उत्तर मद्य रेलवे के विद्युत विभाग द्वारा उर्जा संरक्षण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित किया गया। इसमें विभागीय स्टालों के अलावा फिलिप्स, बजाज, हैवल्स, सिस्का, सूर्या, सीआरआई, पावर टेक इंडस्ट्री, उदयपुर तथा आयुष्मान सॉल्यूशन पावर्ड आदि कम्पनियों ने भी भाग लिया और अपने उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया। सेमिनार का संचालन अनुराग गुप्ता, सीईजीई/एनसीआर द्वारा किया गया। संगोष्ठी में रंजन यादव, अपर महाप्रबंधक/ उत्तर मध्य रेलवे एवं सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित थे।उत्तर मध्य रेलवे के कारखानों और आगरा, प्रयागराज तथा झांसी मंडलों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने वर्चुअल माध्यम से सेमिनार में भाग लिया।

इस अवसर पर एमएन-एनआईटी, प्रयागराज के प्रोफेसर राजेश गुप्ता अतिथि वक्ता थे। गुप्ता ने सेमिनार को संबोधित करते हुए देश के वर्तमान बिजली परिदृश्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने नवीकरणीय और गैर नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के ब्रेक-अप के साथ स्थापित बिजली क्षमता के बारे में भी बताया। गुप्ता ने भारत और दुनिया भर में ऊर्जा परिदृश्य के भविष्य के बारे में आगे बताया और कहा कि इसमें नवीकरणीय उर्जा स्रोतों से उर्जा उत्पादन के शेयर को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

# देश के विभिन्न रेलवे ज़ोन सलाहकार सदस्य आपसी समन्वय से करेंगे रेल विकास



साभारः क्षेत्रीय रेल परामर्शदात्री राष्ट्रीय समन्वय समिति की बैठक मालवीय स्मृति भवन नई दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न रेलवे जोनों के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि एवँ समन्वय समिति संरक्षक सांसद राज्यसभा द्वय अजय प्रताप सिंह, जय प्रकाश निषाद एवँ सांसद लोकसभा पकौड़ी लाल कोल उपस्थित रहे। संचालन समन्वय समिति के राष्ट्रीय संयोजक एस० के० गौतम ने किया। जनरल विपिन कुमार रावत के असामयिक निधन पर दो मिनट के मौन के बाद बैठक प्रारम्भ हुई। उपस्थित सदस्यों ने रेलवे के आधारभूत संरचना कार्यों एवं स्टेशनों के रखरखाव,नई गाड़ियों का संचालन ठहराव आदि मुद्दों पर एक साथ कार्य करने का निर्णय लिया गया सदस्यों ने अपने अपने जोन की समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर तीनों सांसदों ने रेलवे के विकास में सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सुझावों को रेल मंत्री तक पहुंचाने तथा यदि जरूरत पड़ी तो सदन में भी उठाये जाने का आश्वासन दिया। रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण सलाहकार समिति के पाँच सदस्यीय टीम द्वारा संयुक्त रूप से किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से साउथ सेंट्रल रेलवे चेन्नई से गंगाधर राव, नॉर्दन रेलवे दिल्ली से सुश्री स्वाति पटेल, तेज सिंह वरुण एडवोकेट, सुमन कौशिक, रिचा वशिष्ठ,योगिता धीर,विनय पण्डित,गौरव जैन, राकेशसोनी ,नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे जयपुर से निशा शर्मा,उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज से डॉ साधना जग्गी,बी जी गोस्वामी एडवोकेट श्रीकुंज बिहारी चतुर्वेदी ,देबू लाल शाह, यूसुफ खान, महेश गर्ग, संजय बाल्मीकि ,साउथ स्टर्न रेलवे आदित्य मल्होत्रा, पूर्वोत्तर रेलवे से पंकज श्रीवास्तव आदि रहे। इस अवसर पर सर्वसम्मति से ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव संपादक रेल समाचार प्रयागराज एवँ अरविन्द कुमार 'चन्दन', गुरुग्राम हरियाणा को समन्वय समिति का प्रेस सलाहकार बनाया गया।

## हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके सउस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी






## उत्तर प्रदेश में ३०० से अधिक सीटों पर खिलेगा कमलः केशव प्रसाद मौर्य



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के महमूदाबाद में जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा-बसपा पर जमकर निशाना साधा। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा व बसपा का इतिहास गरीबों की जमीनें हड़पने का रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही गुंडों को उनकी जगह पर पहुंचा दिया है। भाजपा में एक छोटे से छोटा कार्यकर्ता उच्च पदों पर पहुंच जाता है। अन्य पार्टियां सिर्फ अपने परिवार को देखती हैं। डिप्टी सीएम गुरुवार दिनांक ०६.१२.२०२१ को जिले में २३५ करोड़ के ८१ विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। डिप्टी सीएम ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है। वह झूठा प्रचार करके लोगों को गुमराह कर रही है। सपा व बसपा को अतीत की याद दिलाते हुए कहा कि २०१७ के विधानसभा चुनाव में सपा की सीटें एक चौथाई हो गई थीं। इस बार हम३०० से अधिक सीटें जीतेंगे।

## सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी.-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040

## प्रयागराज मंडल में उर्जा संरक्षण सप्ताह आयोजित



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भारतीय रेल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण सप्ताह के क्रम में दिनांक ०८.१२.२०२१ को प्रयागराज मंडल के बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रयागराज जं पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बिजली विभाग के शिवशंकर राय, सिद्धार्थ शर्मा, कुंवर उदय सिंह, मु. तौहीद आलम, अनूप कुमार पल,मनोज कुमार यादव तथा अभिषेक कुमार ने इस नुक्कड़ नाटक में भाग लिया। इस नुक्कड़ नाटक में ऊर्जा बचाओ धरती बचाओ की थीम के माध्यम से लोगों को उर्जा संरक्षण के प्रति उपस्थित लोगो को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगो को किस प्रकार के आवश्यकता न होने पर बिजली के उपकरणों को बंद करके, ऊर्जा दक्ष बिजली के उपकरणों का प्रयोग कर के हम ऊर्जा की बचत के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान दे सकते है। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजिनियर/सामान्य सहित बिजली विभाग सहित अन्य विभागों अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे